>

Title: Need to start work for the conversion of National Highway Nos. 86 and 87 into four lane expressway.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): महोदय, झांसी से छतरपुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग में ओरछा और खुजराहो पर्यटन की दृष्टि से दो महत्वपूर्ण केन्द्र हैं। यहां पर देशी पर्यटकों के साथ-साथ बहुत बड़ी मात्रा में विदेशी पर्यटक सभी अन्तर्राष्ट्रीय देशों से यहां पर आते हैं। इस राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत काफी खराब है। काफी लंबे समय से इसे फोर लेन एक्सप्रेस हाइवे बनाये जाने की मांग की जा रही है। कानपुर छतरपुर देवास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 एवं झांसी छतरपुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 76 इन दोनों ही सड़कों का फोर लेन एक्सप्रेस हाइवे में परिवर्तन होने के लिये सर्वे हो चुका था। राजपत्र में प्रकाशन भी हो चुका था। छतरपुर में विभाग का ऑफिस भी कार्य कर रहा था। जमीन अधिग्रहण के लिए किसानों को फसल बोने से रोक दिया गया था।

अभी कुछ समय पहले ऑफिस बंद कर दिया गया तथा 4 लेन एक्सप्रैस हाइवे का काम भी रुक गया है जिससे क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। एक तरफ सरकार बुंदेलखंड पैकेज के माध्यम से विकास की बात करती है, दूसरी तरफ प्रारंभ होने वाली सड़कों के निर्माण कार्य को भी रोक दिया जाता है। अतः मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि छतरपुर से होकर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 एवं 76, इन दोनों पर जो 4 लेन एक्सप्रैस हाइवे का प्रारंभ किया गया था, उस रुके हुए कार्य को शीघ्रातिशीघ्र फिर से प्रारंभ करवाएँ जिससे इन दोनों पर्यटन केन्द्रों पर विदेशी पर्यटकों को आने जाने में सुविधा का लाभ मिल सके और क्षेत्र का विकास हो सके।